भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
26.07.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1115 का उत्तर

एमयूटीपी 3ए परियोजना

1115. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मुंबई रेलवे विकास निगम (एमआरवीसी) ने पश्चिमी रेलवे के अंतर्गत 5वीं और 6वीं रेल लाइन बिछाने के लिए मुंबई शहरी परिवहन परियोजना एमयूटीपी-3ए को मंजूरी दे दी है; और

(ख) यदि हां, तो पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के बाद उक्त कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है और इसे कब तक पूरा कर लिए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

एमयूटीपी 3ए परियोजना के संबंध में दिनांक 26.07.2023 को लोक सभा में श्री राजन बाबूराव विचारे के अतारांकित प्रश्न सं. 1115 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): मार्च 2019 में आर्थिक मामलों से संबंधित कैबिनेट समिति (सीसीईए) द्वारा एमयूटीपी 3ए के तहत बोरिवली-विरार (26 किमी) के बीच 5वीं और छठी लाइनों के कार्य को मंजूरी दी गई थी।

(ख): एमयूटीपी 3ए के लिए वन संबंधी स्वीकृति सहित भूमि अधिग्रहण, प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिए गए हैं। किसी भी रेल परियोजनाओं का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के प्राधिकारियों द्वारा वन संबंधी मंजूरी, बाधक जनोपयोगी सेवाओं की शिफ्टिंग, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक स्थिति, परियोजना साइट के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, परियोजना विशेष की साइट के लिए वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजनाओं को पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं।

****